# शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर

क्र. 16199 /स्था/अवि/2020 इन्दौर, दिनांक 03/9/2020

**//सूचना//**

''म.प्र. स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय शैक्षणिक एवं गैर–शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम 2018'' के अंतर्गत नर्सिंग संवर्ग (**नर्सिंग अधीक्षक/उप परिचर्या (नर्सिंग) अधीक्षक/सहायक परिचर्या (नर्सिंग) अधीक्षक**) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु **केवल म.गॉ. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर एवं संबद्ध संस्थाओं में कार्यरत** आईएनसी द्वारा निर्धारित अर्हताधारी नर्सिंग संवर्ग (सहायक परिचर्या (नर्सिंग) अधीक्षक/मेट्रन) से **संस्था स्तर पर (IN-HOUSE)** आवेदन आमंत्रण किये जाते हैं –

**आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि– 10.09.2020**

| नर्सिंग अधीक्षक के रिक्त पद | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पदनाम | रिक्त पदों की संख्या श्रेणी अनुसार | | | | कुल रिक्त पद |
| | UR | SC | ST | OBC | |
| नर्सिंग अधीक्षक | 04 | - | 01 | - | 05 |

| उप परिचर्या (नर्सिंग) अधीक्षक के रिक्त पद | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पदनाम | रिक्त पदों की संख्या श्रेणी अनुसार | | | | कुल रिक्त पद |
| | UR | SC | ST | OBC | |
| उप परिचर्या (नर्सिंग) अधीक्षक | 06 | 01 | 01 | - | 08 |

| सहायक परिचर्या (नर्सिंग) अधीक्षक के रिक्त पद | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पदनाम | रिक्त पदों की संख्या श्रेणी अनुसार | | | | कुल रिक्त पद |
| | UR | SC | ST | OBC | |
| सहायक परिचर्या (नर्सिंग) अधीक्षक | 13 | 03 | 03 | - | 19 |

उपरोक्त चिन्हित पदों में [SC = अनुसूचित जाति] [ST = अनुसूचित जनजाति] उम्मीदवार हेतु आरक्षित हैं– पदों की संख्या कम/अधिक की जा सकती है। विस्तृत विवरण आवेदन का प्रारूप इत्यादि महाविद्यालय के सूचना पटल एवं बेवसाईट www.mgmmcindore.in से प्राप्त किया जा सकता है। स्क्रुटनी व साक्षात्कार की सूचना महाविद्यालय के सूचना पटल एवं बेवसाईट www.mgmmcindore.in पर उपलब्ध कराई जावेगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
म.गॉ.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालइन्दौर

वेतनमान — नियमित नियुक्ति हेतु

1.

| | | |
|---|---|---|
| नर्सिंग अधीक्षक | — | 56100 —177500 (7 वें वेतनमान में) |
| उप परिचर्या (नर्सिंग) अधीक्षक | — | 42700 —135100 (7 वें वेतनमान में) |
| सहायक परिचर्या (नर्सिंग) अधीक्षक | — | 42700 —135100 (7 वें वेतनमान में) |

**टीप** — समस्त पदो के लिये राज्य शासन द्वारा समय समय पर स्वीकृत वेतनमान एवं अन्य भत्ते आदि देय होगे।

2. पदो पर आरक्षण राज्य शासन के द्वारा समय समय पर जारी आदेशों के अनुसार होगा ।

- **जाति प्रमाण पत्र : आरक्षण का लाभ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण—पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जायेगा।**

3. **शैक्षणिक अर्हताये :—**

- नोट :— परिचारिका (नर्सिंग) संवर्ग की अनुमोदित अनुसूची अनुसार योग्यता निम्नानुसार होगी—

| | |
|---|---|
| नर्सिंग अधीक्षक | मेट्रन के पद पर 05 वर्ष का कार्य अनुभव |
| उप परिचर्या (नर्सिंग) अधीक्षक | सहायक परिचर्या (नर्सिंग) अधीक्षक के पद पर एक वर्ष के अनुभव पर वरिष्ठता के आधार पर पदस्थापना। |
| सहायक परिचर्या (नर्सिंग) अधीक्षक | मेट्रन के पद पर दो वर्ष के अनुभव पर वरिष्ठता के आधार पर पदस्थापना। |

- अभ्यर्थी को मध्यप्रदेश मेडिकल कौंसिल में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।

4. निरर्हतायें—

**4—1 विकृत चित्त वाला होने पर।**

**4—2 दुश्चरित्र होने पर।**

**4—3 शारीरिक दुर्बलता के कारण व्यक्ति अपने कर्तव्य बोध एवं दायित्व को पूरा नहीं कर सकता हो।**

**4—4 नियुक्ति के लिये प्रयास/अनुशंसा — किसी भी उम्मीदवार की ओर से अपनी उम्मीदवारी की सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिये से किया गया कोई भी प्रयास/अनुशंसा उसके लिये अनर्हकारी माना जायेगा।**

**4—5 विवाह संबंधी — जिस उम्मीदवार ने न्यूनतम निर्धारित आयु (महिला वर्ग के लिये 18 वर्ष) से पूर्व विवाह कर लिया होगा उसे इन पदों पर चयन हेतु अयोग्य माना जायेगा। कोई भी ऐसी महिला उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे पुरूष से विवाह किया हो, जिसका पहले से जीवित पति हो, ऐसी महिला नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगीं।**

**4—6 कूट रचित/फर्जी दस्तावेज एवं चयन के स्तर पर जानकारी छिपाये जाने/अभिलेख फेरबदल कर प्रस्तुत करने पर।**

**4—7 कदाचरण संबंधी — किसी भी ऐसे उम्मीदवार को नियुक्त नहीं किया जावेगा, यदि उसने शासन या स्थानीय प्राधिकारी की सेवा के कदाचरण के लिये परिणामस्वरूप पदच्युत कर दिया गया हो यदि उसे नैतिक पतन के अपराध पर दोष सिद्ध ठहराया गया हो।**

**4—8 ऐसा उम्मीदवार जिसके विरूद्ध नैतिक पतन का आपराधिक प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतन के आपराधिक मामले में दोष सिद्ध हुआ हो।**

Bindal

**4–9 स्वास्थ्य संबंधी – चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक जिसका पद सिविल सर्जन से कम न हो, के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण पश्चात् शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ पाया जाए तथा वह ऐसा प्रमाण पत्र जारी करें।**

6. स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में सेवारत व्यक्ति, जो सीधी भर्ती के पद के लिये अर्हताधारी हो सीधी भर्ती के पद के विरूद्ध आवेदन देने के लिये स्वतन्त्र होगा ओर ऐसे आवेदन के लिये उसे नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र नही लेना होगा ।
7. **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि** :– स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय इन्दौर में आवेदन पत्र कार्यदिवस में **दिनांक 10.09.2020 को** सायं 05.00 बजे तक प्राप्त हो जाना चाहिये। आवेदन व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में जमा कराये जा सकते है। किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा।
8. चयन प्रक्रिया हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।
9. उपरोक्त विज्ञापन की जानकारी एवं आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय इन्दौर के सूचना पटल पर उपलब्ध है।
10. साक्षात्कार के समय समस्त दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति साथ लेकर अनिवार्य रूप से आवें।

**महत्वपूर्ण टीप** :– यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे अपने आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हतायें और शर्तो को पूरा करते है। अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं करे ले ओर अर्हता की **समस्त शर्तें पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भरे।** चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जायेगी। आवेदक के विरूद्ध पुलिस प्रकरण अथवा किसी भी प्रकार की जांच न हो जिसके कारण आवेदक की नियुक्ति प्रभावित होती हो, इस आशय से संबंधित घोषणा पत्र जो की आवेदन के प्रारूप में दिया गया है। यह शर्त भी उसमें समाहित रहेगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
म.गॉ.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालइन्दौर

आवेदन का प्रारूप

नर्सिंग अधीक्षक/उप परिचर्या (नर्सिंग) अधीक्षक/सहायक परिचर्या (नर्सिंग) अधीक्षक **(In-house)** के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र (अंतिम तिथि 10.09.2020)

( केवल म.गॉ. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर एवं संबद्ध संस्थाओं में कार्यरत आईएनसी द्वारा निर्धारित अर्हताधारी नर्सिंग संवर्ग (सहायक परिचर्या (नर्सिंग) अधीक्षक/मेट्रन) हेतु।)

पदनाम एवं विभाग ..............................................................................

स्वप्रमाणित फोटो

नोटः सभी जानकारी आवेदक द्वारा पूर्ण की जावे।

1. आवेदक का नाम ..............................................................................

2. पुरूष/महिला ..............................................................................

3. पिता/पति का नाम (उपनाम सहित)..............................................................................

4. वर्तमान निवास स्थान का पता (पिनकोड सहित)..............................................................................

..............................................................................

शहर का नाम.............................. फोन नं...............................................

मोबाइल नं.................................ईमेलआईडी..............................................

5. स्थाई पता..............................................................................

..............................................................................

शहर का नाम.............................. फोन नं...............................................

मोबाइल नं..............................................................................

6. आधार कार्ड ......................................

7. वर्ग : अनारक्षित / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछडा वर्ग / विकलांग .................... (आरक्षित श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्न करें )

8. म.प्र. नर्सिंग काउन्सिल का पंजीयन क्रमांक एवं नाम तथा दिनॉक ........................

9. शैक्षणिक योग्यताऐंः– (प्रमाण–पत्र एवं अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

| क्रं | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/वि.वि. | वर्ष | विषय | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

10. अनुभव :-

| क्रमांक | पदनाम | पद पर कार्यभार ग्रहण का दिनांक | कुल अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |
| 4 | | | |

11. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची (स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न करे)।

**स्थान................................** **आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर**

**दिनॉक...............................**

## //घोषणा-पत्र//

1. मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा।
2. मेरे विरूद्ध पुलिस प्रकरण में एफ.आई.आर.दर्ज नही है, और मेरे विरूद्ध कोई विभागीय जॉच प्रचलन में नही है।
3. मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मुझे नैतिक पतन के किसी अपराध मे किसी न्यायालय द्वारा न तो दोषी पाया गया है और न ही मेरे विरूद्ध इस प्रकार का कोई प्रकरण किसी भी न्यायालय मे विचाराधीन है।
4. म.प्र. स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय गैर-शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम 2018 मुझ पर पूर्णरूपेण बंधनकारी होंगे।।

**आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर**